आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :348 पृष्ठ -4 दिनांक 22 दिसम्बर 2024 दिन रविवार

# अखिलेश यादव ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान का समर्थन किया

## पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके बयान को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए

उत्तरप्रदेश राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर–मस्जिद को लेकर जो बयान दिया है उस पर सियासत तेज हो गई है. समाजवादी पार्टी समेत तमाम विरोधी दल और मुस्लिम संगठनों ने भी भागवत के बयान का स्वागत किया है. इन तमाम बातों के बीच समाजवादी पार्टी ने अब मोहन भागवत के बयान को जन–जन तक पहुंचाने की रणनीति तैयार की है, जिसे सपा अब बीजेपी के हार्ड हिन्दुत्व की काट के तौर पलटवार करेगी.

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से निकल रहे मंदिर और मस्जिद विवाद को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोग इस तरह के मुद्दे उछालकर खुद को हिन्दुओं का नेता साबित करना चाहते हैं. जोकि स्वीकार्य नहीं है. मोहन भागवत के बयान पर सपा ने बीजेपी को घेरा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी आरएसएस प्रमुख के इस बयान का समर्थन किया और पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके बयान को जन–जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही सपा ने ये भी आरोप लगाया कि देश में बीज.`पी को सीएम योगी आदित्यनाथ के इशारे पर प्रशासन मंदिर खोजने में जुटा है. और ये बता रहे हैं कि कौन सा मंदिर कहां और कितने साल पुराना है. अखिलेश यादव ने ये भी कहा कि कहीं कोई मंदिर मिला नहीं है बल्कि मंदिर तो हमेशा से ही वहीं पर था. उस मंदिर पर न तो किसी ने कोई कब्जा किया और न ही खंडित किया बल्कि बहुत से ऐसे मंदिर है जो पूजन के अभाव में खाली पड़े हैं और देवता वहां श्रद्धालुओं का



इंतजार कर रहे हैं. उन्होंने ये भी सवाल उठाया कि जब प्रदेश में राजनाथ सिंह, कल्याण सिंह और राम प्रकाश गुप्ता की सरकारें रही तब ये मंदिर क्यों नहीं खोजे गए.अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि लोकसभा में हार के बाद से बीजेपी डरी हुई है, जिसके बाद से वो सिर्फ सनसनी फैलाकर मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मोहन भागवत जी आपकी हर नसीहत और बात तब तक बेमानी है जब तक आप भाजपा सरकारध्सीएम योगी के द्वारा किए जा रहे कृत्यों की सार्वजनिक निंदा नहीं करते और उन्हें ऐसा करने से नहीं रो.कते, तब तक आपके बयान सिर्फ भाषणबाजी और ड्रामेबाजी ही कहे जाएंगे.

## अंबेडकर के मुद्दे पर मायावती ने किया विरोध .प्रदर्शन का ऐलान, कहा- माफी मांगे अमित शाह



उत्तरप्रदेश संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायवती ने जोरदार हमला किया है. उन्होंने कहा कि अमित शाह ने अंबेडकर को लेकर जो बयान दिया है उससे लोगों की भावनाएं आहत हुई है. उन्हें अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए. अगर ऐसा नहीं हुआ तो बसपा 24 दिसंबर को देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी. बसपा सुप्रीमो मायावती ने अमित शाह के बयान पर निशाना साधते हुए एक्स पर लिखा, देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्म–सम्मान व मानवीय हकूक के लिएअति–मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमरावअम्बेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं. उनका श्री अमित शाह द्वारा किया गया अनादर लोगों के दिलों को आहत पहुंचाता है. 1. देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्म–सम्मान व मानवीय हकूक के लिएअति–मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं। उनका श्री अमित शाह द्वारा किया गया अनादर लोगों के दिलों को आहत पहुँचाता है।अमित शाह से माफी की मांगऐसे महापुरुष को लेकर संसद में इनके द्वारा कहे गए शब्दों से पूरे देश में सर्वसमाज के लोग काफी उद्वेलित, आक्रोशित व आन्दोलित हैं. अम्बेडक.रवादी बीएसपी ने इस क्रम में उनसे बयान वापस लेने व पश्चाताप करने की माँग की है, जिसपर अभी तक भी अमल नहीं किया जा रहा है. ऐसे में मांग न पूरी होने पर फिर पूरे देश में आवाज उठाने की बात बीएसपी द्वारा की गई. इसीलिए अब पार्टी ने अपनी इस मांग के समर्थन में 24 दिसम्बर 2024 को देशव्यापी आन्दोलन करने का फैसला लिया है. उस दिन देश के सभी जिला मुख्यालयों पर पूर्णतः शान्तिपूर्ण धरना–प्रदर्शन किया जाएगा.बसपा सुप्रीमो ने आगे कहा– दलितध्बहुजनों को अपने पैरों पर खड़े होकर आत्म–सम्मान के साथ जीने के लिए आ.जीवन कड़ा संघर्ष व आरक्षण सहित उनको अनेकों कानूनी हक दिलाने वाले उनके सच्चे मसीहा बाबा साहब के नहीं रहने पर उनके अनुयाइयों का हित व कल्याण ही उनका सबसे बड़ा सम्मान है, जिसके लिए बीएसपी समर्पित है. अतः कांग्रेस, भाजपा आदि पार्टियां अगर बाबा साहेब का दिल से आदर–सम्मान नहीं कर सकती हैं तो उनका अनादर भी न करें. बाबा साहेब के कारण एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले उसी दिन उन्हें सात जन्मों का स्वर्ग भी मिल गया है.

## यूपी के DGP और सहारनपुर ds SSP इलाहाबाद हाईकोर्ट में तलब

उत्तरप्रदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अदालत के आदेश का पालन नहीं होने पर यूपी के डीजीपी और सहारनपुर जिले के एसएसपी को समन जारी करते हुए उन्हें कोर्ट में तलब कर लिया है. दोनों पुलिस अफसरों को 27 जनवरी को व्यक्तिगत तौर पर कोर्ट में पेश होकर अपना हलफनामा दाखिल करना होगा. डीजीपी और एसएसपी को यह बताना होगा कि आखिरकार उन्होंने क्यों सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया. यह मामला उत्तराखंड राज्य के देहरादून के रहने वाले ध्रुव सेठी और उनकी पत्नी अलका सेठी से जुड़ा हुआ है. सेठी दंपति ने यूपी के सहारनपुर में एक जमीन खरीदी थी, लेकिन वहां के एक माफिया ने पुलिस और रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अफसरों के साथ मिलकर उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया. सेठी दंपति ने पुलिस से लेकर सीएम पोर्टल पर शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई.

इस फैसले को दी थी चुनौती आरोप है कि जमीन कब्जा करने वाले माफिया ने पुलिस से सांठ–गांठ कर सेठी दंपति के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट और आई.पीसी की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी. पुलिस ने इस मामले में दंपति के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दी. सेठी दंपति ने इस चार्जशीट को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी. हा.ईकोर्ट ने न सिर्फ चार्जशीट को रद्द कर दिया बल्कि भू माफिया के साथ पुलिस अफसरों के गठजोड़ पर तीखी टिप्पणी करते हुए यूपी के डीजीपी से दंपति द्वारा की गई शिकायत पर सहारनपुर के एसएसपी से जांच कराने और उचित कार्रवाई का आदेश दिया.छह महीने का वक्त बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई. इतना ही नहीं भू माफिया ने लेखपाल व अन्य लोगों को मिलाकर दंपति का घर बुलडोजर से गिरा दिया.



आरोपी लेखपाल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी. सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के डीजीपी को हाई कोर्ट के आदेश का पालन करने को कहा, लेकिन इन सब के बावजूद दंपति के घर को गिरा दिया गया. आरोप है कि इसी घटनाक्रम के चलते अलका सेठी के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत भी हो गई. इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस अवमानना याचिका पर जस्टिस सलिल कुमार राय की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई. अदालत ने डीजीपी और सहारनपुर के एसएसपी के रवैया पर नाराजगी जताई और व्यक्तिगत हलफनामे के साथ उन्हें कोर्ट में तलब भी कर लिया. कोर्ट में सेठी दंपति की तरफ से डॉक्टर अवनीश त्रिपाठी और डॉक्टर आस्था मिश्रा ने दलीलें पेश की. अधिवक्ता अवनीश त्रिपाठी के मुताबिक हाईकोर्ट में दोनों अफसरो को 27 जनवरी को होने वाली अगली सुनवाई में पेश होना होगा.

## भक्ति का मजाक बनाया, कोर्ट पहुंचे अभिनव अरोड़ा, 7 यूट्यूबर्स पर FIR दर्ज करने की मांग

उत्तरप्रदेश मथुरा बाल संत के नाम से मशहूर अभिनव अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल करने वाले 7 यूट्यूबर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है. उन्होंने मथुरा की जिला अदालत में याचिका दाखिल कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है. इस मामले पर अगली सुनवाई 3 जनवरी को होगी. अभिनव अरोड़ा के वकील पंकज आर्य ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कुछ लोगों का एक ग्रुप है जिन्होंने अभिनव अरोड़ा और सनातन धर्म के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है. उसी के खिलाफ हमने कोर्ट में अपील की है. इन्हें हम तब तक नहीं छोड़ेंगे जब तक हमें न्याय नहीं मिलेगा. फिर चाहें इसके लिए हमें हाईकोर्ट जाना पड़े या सुप्रीम कोर्ट जाना पड़े.यूट्यूबर्स पर थ्प् दर्ज करने की मांगपंकज आर्य ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 25 हमें धार्मिक स्वतंत्रता की आजादी देता है कि हम अपने धर्म का पालन कर सकें. इन यूट्यूबर्स की दिक्कत ये हैं कि इनके अपने जो संस्कार हैं इनके अपने घर के बच्चे राधे–राधे नहीं बोल पाते. एक बच्चा जो राधे–राधे बोल रहा है उससे उन्हें परेशानी होती है. हमने कोर्ट में इन यूट्यूबर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सख्त सजा की मांग की है. ताकि ये जो हमारी बॉडी शेमिंग कर रहे हैं हमें और सनातन धर्म को डिफेम करने की कोशिश कर रहे हैं उसके खिलाफ हमें न्याय मिले. अभिनव अरोड़ा का छलका दर्दवहीं पूरे मामले पर अभिनव अरोड़ा ने एक कविता के जरिए अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि हम इतने भी बुरे नहीं थे, जितने इल्जाम लगाए लोगों ने. चंद लाइक और व्यूज के लिए न जाने कितनी बात बनाई




लोगों ने, भेड़चाल में चलकर न कैसे सब बहक गए, राधा नाम लेने को भी धंधा बताया लोगों ने. मैं अदना सा बालक तो कान्हा जी का सेवक हूं, मेरी तो छोडो इनकी भक्ति का मजाक बनाया लोगों ने. जलकर राख होकर भी, भक्ति को समर्पित है जीवन मेरा, मैं इतना बूढ़ा हूं क्या, जितने इल्जाम लगाए लोगों ने. दरअसल अभिनव अरोड़ा का पिछले दिनों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वो जगतगुरू रामभद्राचार्य के मंच पर दिखाई दिए लेकिन उन्हें मंच से उतार दिया गया था, जिसके बाद दावा किया गया कि रामभद्राचार्य ने उन्हें मूर्ख बताते हुए मंच से उतारा. इस घटना को लेकर अभिनव अरोड़ा को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया.

## विवाहिता ने अपने तीन बच्चों के संग फांसी लगाकर दी जान,



कोतवाली देहात के भदोही गांव में डेढ़ साल की दो बेटियों व बेटे के साथ विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिसफोर्स पहुंच कर छानबीन कर रही है। कोतवाली देहात के भदोही गांव का संदीप उर्फ राजतेजा पुत्र रामबरन शराब का आदी है। वह आये दिन शराब पीकर पत्नी को मारता पीटता है। इससे परेशान होकर पत्नी दुर्गेश्वरी (30) ने अपने डेढ़ वर्ष की दो मासूम बेटियों लक्ष्मी,उजाला व बेटे रौनक के साथ कमरे में स्वयं को बंद कर लिया।छत के सहारे फांसी का फंदा लगाकर पहले बच्चों को मौत की नींद सुला दिया। उसके बाद स्वयं भी फांसी के फंदे से झूल गई। सुबह काफी देर तक कमरा न खुलने पर दुर्गेश्वरी की सास कमरा खुलवाने गई। आवाज देने पर कमरा न खुलने पर पड़ोसियों को बुलाया। गेट तोड़कर लोग अंदर घुसे तो नजारा देखकर हैरान हो गए। सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंची है।

# देश की राजनीति में बड़ा उलटफेर वाला रहा साल, नतीजों ने सबको चौंकाया

भारतीय राजनीति में अप्रत्याशित घटनाओं और नतीजों के लिए खुद को इतिहास में दर्ज कर लिया। यह साल कई मायनों में यादगार रहाकृलोकसभा चुनाव से लेकर विधानसभा चुनावों तक, हर मोर्चे पर परिणामों ने राजनीतिक विश्लेषकों और दलों को चौंका दिया। जनता के फैसलों ने साबित कर दिया कि भारतीय लोकतंत्र में हर चुनाव एक नई कहानी लिखता है।लोकसभा चुनावरू उम्मीदों से उलट नतीजेइस साल के लो. कसभा चुनावों में भाजपा ने "400 पार" का नारा दिया था, लेकिन नतीजे इससे कोसों दूर रहे। भाजपा ने महज 240 सीटों पर जीत दर्ज की और बहुमत से पीछे रह गई। हालांकि, टीडीपी, जदयू, और अन्य सहयोगियों की मदद से भा. जपा ने तीसरी बार केंद्र में सरकार बना. ई।उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख राज्य में भाजपा को बड़ा झटका लगा। जहां 2019 में भाजपा ने 80 में से 62 सीटें जीती थीं, इस बार यह संख्या घटकर 33 सीटों तक सिमट गई। यह प्रदर्शन दर्शाता है कि यूपी की राजनीति में समीकरण तेजी से बदल रहे हैं।विधानसभा चुनावों में अप्रत्याशित घटनाक्रम हरियाणा में राजनीतिक पंडितों ने कांग्रेस की जीत का अनुमान लगाया था, लेकिन नतीजों ने सबको हैरान कर दिया। भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर को पीछे छोड़ते हुए फिर से सरकार बनाई।. ओडिशा24 सालों से सत्ता में रही बीजेडी को इस बार हार का सामना करना पड़ा। भाजपा यहां सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जिसने प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव ला दिया।महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया। एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी ने उद्धव ठाकरे और शरद पवार के गठबंधन को करारी शिकस्त दी। जम्मू–कश्मीर अनुच्छेद 370 हटाने के




बाद भाजपा को यहां बहुमत की उम्मीद थी, लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर सकी। झारखंड में भाजपा सरकार बनाने में विफल रही, और हेमंत सोरेन ने एक बार फिर से सरकार बनाई।निष्कर्ष 2024 का सियासी परिदृश्य जनता के बदलते मिजाज और उनकी प्राथमिकताओं का प्रतिबिंब है। चुनावी नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया कि जनता केवल वादों पर नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत और ठोस काम पर वोट देती है। भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में पकड़ मजबूत बनी रही, लेकिन क्षेत्रीय राजनीति में कई राज्यों में उसे चुनौतियों का सामना करना पड़ा। विपक्षी पार्टियां, हालांकि कई जगहों पर मजबूत दिखीं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के सामने कोई बड़ा गठबंधन नहीं बना सकीं।

## ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर तीन दिन का राजकीय . शोक, शनिवार को अंतिम संस्कार, छुट्टी की घोषणा



हरियाणा सरकार ने प्छस्क सुप्रीमो और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया है. उनका अंतिम संस्कार 21 दिसंबर को सिरसा में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा. हरियाणा सरकार की तरफ से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, प्रदेश में 20 से 22 दिसंबर तक राजकीय शोक रहेगा.इसके साथ ही 21 दिसंबर को प्रदेश में एक दिन की छुट्टी की घोषणा की गई है. इसके अलावा 20–22 दिसंबर तक प्रदेश में कोई सरकारी मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा. ओमप्रकाश चौटाला ने शुक्रवार (20 दि. संबर) को गुरुग्राम में अपने आवास पर अंतिम सांस ली. वह बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे.चौटाला के निधन पर च्ड ने जताया शोकचौटाला के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कई नेताओं ने दुख जताया. पीएम मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, श्हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है. प्रदेश की राजनीति में वे वर्षों तक सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया. शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं.श्हरियाणा की रा. जनीति के लिए अपूरणीय क्षति– नायब सिंह सैनीवहीं, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पर लिखा, इनेलो सुप्रीमो और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का निधन अत्यंत दुःखद है. मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि. उन्होंने प्रदेश और समाज की जीवनपर्यंत सेवा की. देश और हरियाणा प्रदेश की राजनीति के लिए यह अपूरणीय क्षति है. प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें.श्इनके अलावा हरियाणा के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला, जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के अलावा भी कई नेताओं ने उनके निधन पर दुख जताया है. बता दें कि 1 जनवरी 1935 को सिरसा के चौटाला गांव में जन्में ओमप्रकाश चौटाला पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे थे.1989 में पहली बार सीएम बने थे ओपी चौटालावह 2 दिसंबर 1989 को पहली बार सीएम बने थे और इस पद पर 22 मई 1990 तक रहे थे. जब तत्कालीन मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता को 60 दिन में ही पद से हटा दिया गया था, तब उन्होंने 12 जुलाई 1990 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद को शपथ ली थी. हालांकि, चौटाला को भी पांच दिन बाद ही पद से त्यागपत्र देना पड़ा था. 22 अप्रैल 1991 को तीसरी बार चौटाला ने सीएम पद संभाला. लेकिन दो हफ्ते बाद ही केंद्र सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था.

# चेन्नई रूपये डालते समय दानपेटी में गलती से गिरा आईफोन, मंदिर प्रशासन का देने से इनकार, कहा- भगवान का हुआ

चेन्नई तमिल फिल्म में एक महिला गलती से अपने बच्चे को मंदिर की (दान पेटी) में गिरा देती है। हुंडी में गिरा बच्चा श्मंदिर की संपत्ति बन जाता है। इस रील की दिलचस्प कहानी को लोगों ने खूब एंजॉय किया लेकिन रियल लाइफ में चेन्नई के पास थिरुपुरुर के अरुलमिगु कंदस्वामी मंदिर में ऐसा ही कुछ हुआ। एक भक्त ने अनजाने में हुंडी में अपना बच्चा नहीं बल्कि एक आईफोन गिरा दिया। नतीजा वही हुआ। इस मंदिर ने भी फोन को अपनी संपत्ति बताया है।जेब से रुपये निकालते समय गिरा मोबाइलदिनेश एक महीने पहले अपने परिवार के साथ मंदिर गए थे और पूजा के बाद हुंडी में कुछ पैसे डालने गए थे। उन्होंने कहा कि जब वह अपनी शर्ट की जेब से नोट निकाल रहे थे, तो उनका आईफोन गलती से हुंडी में गिर गया। चूंकि हुंडी ऊंचाई पर रखी गई थी, इसलिए वह फोन नहीं निकाल पाए।दो महीने में एक बार खुलती है हुंडीघबराए हुए दिनेश ने मंदिर के अधिकारियों से संपर्क किया। हालांकि, उन्होंने उसे बताया कि हुंडी में एक बार चढ़ावा चढ़ाने के बाद, इसे देवता की संपत्ति माना जाता है और इसे वापस नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, परंपरा के अनुसार, हुंडी को दो महीने में केवल एक बार खोला जाता है।अफसरों ने भी किया निराशदिनेश ने एचआर और सीई (हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती) अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया गया कि हुंडी कब खोली जाएगी। जब मंदिर केअधिकारियों ने आखिरकार शुक्रवार को हुंडी खोली, तो दिनेश अपना फोन लेने के लिए दौड़े, लेकिन उन्हें बताया गया कि डिवाइस मंदिर के पास ही रहेगी। उन्हें सिम कार्ड लेने और फोन से कोई भी महत्वपूर्ण डेटा डाउनलोड करने का विकल्प दिया गया।मंदिर प्रशासन का मोबाइल देने से




इनकारदिनेश ने पहले ही एक नया सिम कार्ड प्राप्त कर लिया था और फोन वापस करने की उनकी याचिका पर निर्णय लेने का काम अधिकारियों पर छोड़ दिया। मंदिर के कार्यकारी अधिकारी कुमारवेल ने कहा कि हुंडी में गिरी किसी भी चीज को मंदिर और देवता का मानने की परंपरा का पालन किया जाएगा और फोन को मंदिर के पास ही रखा जाएगा।ुमारवेल ने कहा, श्हमें यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने इसे चढ़ावे के रूप में गिराया था और बाद में अपना विचार बदल दिया, क्योंकि हुंडी लोहे की बाड़ से अच्छी तरह सुरक्षित है।

# रूस के कजान में 9/11 जैसा हमला, तीन इमारतों पर ड्रोन अटैक



रूस में कजान शहर में 9/11 जैसा हमला हुआ है. यहां की तीन बड़ी इमारतों में ड्रोन से हमला किया गया. रूसी मीडिया ने इस हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार बताया है. ड्रोन हमलों ने मॉस्को से लगभग 800 किलोम. ीटर पूर्व में स्थित कजान शहर के कई रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया. सा. ेशल मीडिया पर वीडियो में एक ड्रोन को एक ऊंची इमारत से टकराते हुए दिखाया गया, जिसके बाद जोरदार विस्फोट होता है. कजान हवाई अड्डे को किया गया बंदइस हमले के बाद कजान हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है. एपीए की रिपोर्ट के अनुसार हमले के दौरान, कमलीव एवेन्यू, क्लारा जेटकिन,युकोजिंस्काया, हादी ता. कतश, क्रास्नाया पॉजिसिया, और ऑरेनबर्गस्की ट्रैक्ट सड़कों पर इमारतों को निशाना बनाया गया. रिपब्लिक चीफ रुस्तम मिन्निकानोव ने कहा कि कजान में आवासीय इमारत पर हुए हमले में किसी व्यक्ति के मरने या घायल होने की खबर सामने नहीं आई है.यहां हाल ही में हुआ था ब्रिक्स सम्मेलन कजान शहर में अगले दो दिनो के लिए सभी बड़े कार्यक्रम रद्द किए गए. सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ऐसा किया गया है. रूस के इस शहर को सबसे सुरक्षित शहर माना जाता है. यहां हाल ही में ब्रिक्स सम्मेलन हुआ था. रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस हमले से एक दिन पहले कहा था कि यूक्रेन ने फिक्स्ड–विंग यूएवी का उपयोग करके रूस में आतंकी हमने का कोशिश की थी जिसे विफल कर दिया गया था. उन्होंने बताया कि रूसी एयरफोर्स ने 19 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया था. रक्षा मंत्रालय के इस बयान के बाद कजान शहर पर अटैल हुआ.बताया जा रहा है कि आठ इमारतों को निशाना बनाया गया था, लेकिन तीन बिल्डिंग में ही ब्लास्ट हुआ. रिपोर्ट के मुताबिक अभी भी कजान शहर पर हमले का डर बना हुआ है. कजान रूस का 8वां सबसे आबाद वाला शहर है.

# बांग्लादेश में फिर 2 दिन में 3 मंदिरों में तोड़फोड़, मूर्तियां भी की खंडित

बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद से वहां लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है. हिंदुओं के घर और मंदिरों पर हमला हो रहा है. इसी कड़ी में बा. ंग्लादेश के मैमनसिंह और दिनाजपुर में बदमाशों ने दो दिन के भीतर तीन हिंदू मंदिरों में आठ मूर्तियों को खंडित कर दिया है. समाचार एजेंसी पीटीआई ने शुक्रवार को स्थानीय मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते ये जानकारी दी है. डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार पुलिस ने एक मंदिर में तोड़फोड़ के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. बा. ंग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं और ये नवीनतम घटनाएं हैं.मूर्तियों को किया गया खंडितमैमनसिंह के हलुआघाट उप–जिले में बृहस्पतिवार और शुक्रवार की सुबह दो मंदिरों की तीन मूर्तियों को खंडित कर दिया गया. मंदिर सूत्रों और स्थानीय लोगों के हवाले से हलुआघाट पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) अबुल खैर ने बताया कि शुक्रवार तड़के बदमाशों ने हलुआघाट के शाकुआई संघ स्थित बोंद. रपारा मंदिर की दो मूर्तियों में तोड़फोड़ की. उन्होंने बताया कि इस घटना में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है. अपराधियों ने बृहस्पतिवार की तड़के एक अन्य घटना में हलुआघाट के



बेलडोरा संघ में पोलाशकंद काली मंदिर में एक मूर्ति को खंडित कर दिया. पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तारपुलिस ने शुक्रवार को पोलाशकंद गांव के 27 वर्षीय एक व्यक्ति को उसकी कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया है. प्रभारी अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अलालउद्दीन ने पूछ. ताछ के दौरान अपना अपराध कबूल कर लिया. इससे पहले बृहस्पतिवार को पोलाशकंद काली मंदिर समिति के अध्यक्ष सुवाश चंद्र सरकार ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था.भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ गया है तनावहिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ गया है. भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ढाका में बांग्लादेशी अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण के बारे में चिंता जताई . बा. ंग्लादेश ने शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद अल्पसंख्यकों, मुख्य रूप से हिंदुओं के खिलाफ सांप्रदायिक हिंसा की 88 घटनाओं को स्वीकार किया है. इन घटनाओं ने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को और भी तनावपूर्ण बना दिया है.

# गोगाजी धाम का 9 वां स्थापना दिवस 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक

## अलीगढ़ का नवम स्थापना दिवस एवं मेला कार्यक्रम विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से मनाने की तैयारी

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) जाहरवीर बाबा गोगा जी महाराज मंदिर गोगा जी धाम , निकट राठौर बगीची , माधव रोड , महेंद्र नगर ,पर रूथापना दिवस की तैयारी चल रही है ।गोगाजी धाम के गद्दी महंत विकास माधव एवं मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार गोगाजी धाम के नवम स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सोमवार 23 दिसंबर 2024 को प्रातः 9 बजे गोगा जी महाराज के दुग्धाभिषेक एवम स्नान दर्शन के पश्चात बाबा जी एवम काली माता को पोशाक चढ़ाई जाएगी । दोपहर 11 बजे सम्मान समारोह आयोजित होगा । तदोपरांत हवन कार्यक्रम दोपहर 12 बजे का रहेगा । दोपहर 2 बजे से मां काली का भ्रमण कार्यक्रम रहेगा । 24 दिसंबर को प्रातः 9 बजे दंडौती एवम रात्रि 8 बजे गोगा जाहरवीर जी बाबा की जोत , 25 दि. संबर को सांय 4 बजे संगीतमयी सुन्द. रकाण्ड एवं भजन संध्या, 26 दिसंबर को सांय 8 बजे देवी जागरण , 27 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से भंडारा कार्यक्रम रहेगा । बाबा जाहरवीर की गद्दी के संच. ालक विकास माधव के अनुसार इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्रीमती मनोरमा देवी , विजेता गुप्ता , विकास गुप्ता बालाजी , डा विनोद भारद्वाज , रवि गुप्ता विआ , अनुज वार्ष्णेय , शिवकुमार वार्ष्णेय मॉडर्न , ज्ञान प्रकाश वार्ष्णेय , भुवनेश वार्ष्णेय , अभिनव गुप्ता , विवेक शंकर वार्ष्णेय , राहुल अग्रवाल ,अमित प्रकाश गुप्ता , दिनेश चंद्र वार्ष्णेय , संजय वार्ष्णेय देहली , पुनीत मित्तल, राजेश पर्ल , सुमित हाथरस , नवरतन , डा के पी यादव , शशांक वार्ष्णेय , डा अनुज बंसल, विनय वार्ष्णेय , महेश चंद्र वार्ष्णेय , राहुल माहेश्वरी , नवरतन , अंकित गर्ग , राहुल अग्रवाल , घनेंद्र वार्ष्णेय , राजू यादव , राकेश कुमार , राजकिशोर , रामसेवक , संगीता यादव , अखिल वार्ष्णेय हाथरस , परमेन्द्र गुप्ता पलवल , अभिषेक वार्ष्णेय , मनोज अग्रवाल दिल्ली , सी पी शर्मा , प्रवीण वार्ष्णेय , मनीष वार्ष्णेय भालू , राहुल अग्रवाल , अमित प्रकाश वार्ष्णेय , अमित सहसमानिया , , विराट गुप्ता , विराज गुप्ता , राजू यादव , राकेश



कुमार , प्रवीण वार्ष्णेय, नकुल वार्ष्णेय , नवीन माहेश्वरी, हर्ष शर्मा , संजय कि. राना , श्लोक वार्ष्णेय, हर्ष वार्ष्णेय , दक्ष वार्ष्णेय , ठाकुर तरुण सिंह , मुकेश महेश्वरी , मयंक वार्ष्णेय , राजकुमार वार्ष्णेय , उत्कर्ष विज्ञापनजी , हर्ष गौड़ , गौरव वशिष्ठ , डा कृपाल सिंह यादव , कृष्ण गोपाल , आशुतोष चौबे , राजीव उपाध्याय , शेखर वार्ष्णेय भट्टा , बाँके बिहारी खंडेलवाल , राजकुमार बिजली वाले , हिमांशु वार्ष्णेय , अनुज प्रकाश गुप्ता , राजेश यादव , सत्य पाल सिंह , राकेश गुप्ता , भुवनेन्द्र शर्मा ,अर्जुन सोनी , शुभम सक्सेना , मनोज यादव लल्ला , वेद प्रकाश शर्मा , अनुराग वार्ष्णेय बंटी, चमन गुप्ता , करन वार्ष्णेय दिल्ली , रोहित वार्ष्णेय ,विकास वार्ष्णेय रुचि , स्वेताँक बबलू , सुमित वार्ष्णेय इंफ्रा , सविता गुप्ता , सुगम अग्रवाल आदि को जिम्मेवारी सौंपी गई है ।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेसजनों का विरोध प्रदर्शन



आज अलीगढ़ जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से घंटाघर स्थित अंबेडकर पार्क में धरना विरोध प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों के हाथों में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर हाथों में लेकर अमित शाह व भाजपा सरकार के विरोध भारी नारेबाजी कर रहे थे । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह में महानगर अध्यक्ष नावेद खान ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब के अपमान के साथ–साथ दलित समाज का भी अपमान किया है जिसके लिए वे माफी मांगे और गृहमंत्री पद से तुरंत इस्तीफा दें अन्यथा कांग्रेसजन सड़कों पर उतरकर भारी आंदोलन करेंगे । इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनों में श्रीमती रोशनी सिंह, श्रीमती सीता शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी, पूर्व अध्यक्ष तल्हा अबरार, वरिष्ठ कांग्रेसी विश्वंभर सिंह, पुरनचंद देशमुख, गया प्रसाद गिर्राज, डूंगर सिंह, ओमप्रक. ाश जी, जितेन्द्र कुमार तोशी, बिरजू जाटव, संतोष नौटियाल जाटव, सुनील कुमार जाटव, भूदेव प्रसाद जाटव, विंसेंट जोयल, गोपाल मिश्रा, शाहिद खान, नदीम गफूर, अमजद हुसैन, बृजेश शर्मा, आनंद बघेल, अमजद अली सिद्दीकी, पार्षद विजेंद्र सिंह बघेल, अरविंद शर्मा, आमिर मुंतजिर, अयाज कुरेशी, सागर सिंह तोमर, यामीन खान मेव, नन्नू मलिक, नादिर खान, कैलाश गौतम, शादाब फजल, अतर सिंह, मोहम्मद अनवार, सुमित कुमार कालू, अहमर अली, वली मोहम्मद बबलू, मुकीम पठान, अल्लाह नूर नूरी, मोहम्मद मंसूर, संजय सिंह, इमरान रफीक, साबिर सैफी, हिमांशु अग्रवाल, जोसेफ जॉन आदि के साथ–साथ अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे ।

## युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में ब्लॉक इगलास की ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

अलीगढ़ युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विकास खंड इगलास की ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन लाला ब्रज किशोर सीनियर से. केंडरी हाई स्कूल कजरोठ में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक हरि मोहन अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर रुबीना शाहीन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका की सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की एथले. टिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, कबड्डी, बैड. मिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गय क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा ने बताया कि सब जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अभिषेक चौधरी, 800 मीटर में अंकुश शर्मा, ऊंची कूद में देव प्रताप, लंबी कूद में गोपाल, सब जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में नीरू, 800 मीटर में दीक्षा, ऊंची कूद में गौरवी, लंबी कूद में अनुष्का, गोला फेंक में संध्या विजयी रहीं। जूनियर बालक वर्ग के 100 मीटर में प्रवीण कुमार, 200 मीटर में सुमन चौधरी, 400 मीटर में दुर्गेश कुमार, 1500 मीटर में अरुण कुमार, ऊंची कूद में अश्विनी, जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में साधना, 200 मीटर में दिव्यांशी चौधरी, 400 मीटर में गुंजन, 800 मीटर में संध्या, लंबी कूद में संगीता विजय रहीं। सीनियर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अमित कुमार, 200 मीटर में विनय कुमार, 400 एवं 1500 मीटर में सुनील कुमार, सीनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में अनुष्का, 200 मीटर में मीनू, 400 मीटर में गौरी मीणा, 800 मीटर में अनु, लंबी कूद में सीमा विजयी रहे। कुश्ती सब जूनियर बालक वर्ग में 45 किलो भार वर्ग में शिवम शर्मा, 51 किलो में दीपक, 55 किलो में कन्हैया, जूनियर बालक वर्ग में 57 किलो में




दीपक, 61 किलो में जितेंद्र, 65 किलो में तरुण, 70 किलो में सूरज, सब जूनियर बालिका वर्ग में 45 किलो भार वर्ग में कुंती, 48 किलो में शिवानी विजयी रहे। कबड्डी में सब जूनियर बालक वर्ग में इंडियन अकैडमी बैलोठ, जूनियर बालक वर्ग में तोछीगढ़, सीनियर वर्ग में फते. हपुर, वॉलीबॉल सब जूनियर बालिका में एलबीके जूनियर बालकवर्ग में तथा सीनियर बालक वर्ग में बिशनपुर विजेता रहे। बैडमिंटन अंडर 17 एकल में संकुल चौधरी, मिश्रित में संकुल चौधरी एवं वर्णित अग्रवाल, अंडर–19 में गोपाल विजेता रहे। सभी प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

## मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में सिंचाई बन्धु की बैठक 24 को

अलीगढ़ मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह की अध्यक्षता में दिसम्बर माह में आयोजित होने वाली सिंचाई बन्धु की बैठक अब 24 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन सभागार में आयोजित होगी अधिशासी अभियन्ता एवं सचिव सिंचाई बंधु अलीगढ़ खण्ड गंगा नहर राजेन्द्र कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि इससे पूर्व यह बैठक 10 दिसम्बर को आयोजित होनी थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी थी।

## एक दिवसीय जिलास्तरीय मिलेट्स गैलरी एवं मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम क्वार्सी कृषि फार्म में 24 दिसंबर को

अलीगढ़ उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स), पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) के अन्तर्गत एक दिवसीय जिलास्तरीय मिलेट्स गैलरी एवं मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन क्वार्सी कृषि फार्म परिसर में 24 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में एफपीओ, महिला एफपीओ, कृषकों एवं अन्य उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए मिलेट्स रेसीपी संबंधी तकनीकी जानकारियां दी दो दिवसीय जिलास्तरीय मिलेट्स महोत्सव एवं मेला क्वार्सी फार्म परिसर में 26 एवं 27 दिसंबर कोवैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा कृषकों को दी जाएंगी मिलेट्स की नवीनतम तकनीकी जानकारियांजाएंगी। डीडीए श्री सिंह ने बताया है कि इसके साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन–न्यूट्री सीरियल्स घटक योजनान्तर्गत दो दिवसीय जिलास्तरीय मिलेट्ट महोत्सव का आयोजन क्वार्सी फार्म परिसर में 26 एवं 27 दिसंबर को पूर्वान्ह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय मिलेट्स मेले में वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा कृषकों को मिलेट्स की नवीनतम तकनीकी जानकारियां दी जाएंगी।

### 23 दिसंबर को होगा विकास खण्डगोंडा की खेल प्रतियोगिता काआयोजन

अलीगढ़ युवा कल्याण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के के तहत आयोजित की जाने वाली विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विकास खण्ड गोंडा की खेलकूद प्रतियोगिता 2024–25 का आयोजन 23 दिसंबर को प्रातः 9:00 बजे से एचआर इंटरनेशनल स्कूल पीपली चौराहा गोण्डा के खेल मैदान पर किया जाएगा प्रतियो. गिता में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स (दौड़ ऊंची कूद लंबी कूद), कबड्डी, वालीबाल, कुश्ती विधाओं का आयोजन किया जाएगा। सभी इच्छुक खिलाड़ी आधार कार्ड की छाया प्रति लेकर ससमय उप. स्थित हों।

## अलीगढ के कारपेंटरों ने डी ए वी कन्या इंटर कॉलेज मे किया श्रमदान



अलीगढ़– 20 दिसंबर श्रमदान दिवस के अवसर पर अलीगढ के कारपेंटरों द्वारा रतन प्रेम डी ए वी कन्या इंटर कॉलेज नो. रंगाबाद अलीगढ मैं श्रमदान किया. जिसमे स्कूल की सभी टूटी हुई कुर्सियां मेज एवं ब्रेचों की मरमत का काम किया गया. अलीगढ के कारपेंटरों के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मिलकर लगभग 150 कुर्सी मेज एवं ब्रेचो आदि की मरम्मत की. इस मौके पर रतन प्रेम डीएवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रियंका चौरसिया ने कहा कि अलीगढ के कारपेंटरों द्वारा हर वर्ष श्रमदान किया जाता है उन्होंने कहा कि श्रमदान एक उच्च कोटि का दान है प्रत्येक नागरिक को यह दान करना चाहिए. अलीगढ के कारपेंटरों द्वारा श्रमदान कर समाज में जागरूकता लाने का काम करती है ताकि हम सभी मिलकर श्रमदान के जरिए एक दूसरे की मदद कर सकें. इस मौके पर अलीगढ के कारपेंटरों एवं फेविकोल चौंपियन क्लब के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

## यूपीपीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा 25 केंद्रों पर दो पालियों में होने वाली परीक्षा के लिए 11520 परीक्षार्थी पंजीकृत

अलीगढ़ (जननाये सम्राट)उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा की प्रारम्भिक परीक्षा 22 दिसंबर रविवार को नगर के 25 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। यूपीपीएससी की यह परीक्षा दो पालियों में प्रातः 09:30 बजे से 11:30 एवं अपरान्ह 2:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए 11520 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही पर्याप्त पुलिस बल तैनात कराए गए हैं। सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र सुपरवाइजर से समन्वय स्थापित कर आयोग के दिशा–निर्देशों के तहत परीक्षा संपन्न कराएंगे।बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज, चंपा अग्रवाल गर्ल्स इंटर



कॉलेज, चिरंजीलाल बालिका इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, धर्म समाज महाविद्यालय ब्लॉक ए एवं बी, गोपीराम पालीवाल इंटर कॉलेज, हीरालाल बा. रहसैनी इंटर कॉलेज, श्री महेश्वर इंटर कॉलेज, नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज, रघुवीर सहाय इंटर कॉलेज, रतन प्रेम डीएवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, एसएमबी इंटर कॉलेज, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, श्री महेश्वर गर्ल्स इंटर कॉलेज, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय ब्लॉक ए एवं बी, श्री टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज, श्री उदय सिंह जैन कन्या इंटर कॉलेज, धर्मसमाज इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, अग्रसेन इंटर कॉलेज हरदुआगंज, लगसमा इंटर कॉलेज गोंडा, स्वामी कृष्णानंद इंटर कॉलेज जलाली, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह एएमयू सिटी स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# क्रिसमस 2024 काउंटडाउन घर पर दोस्तों और परिवार के साथ त्योहार मनायें

क्रिसमस का त्योहार आने वाला है. घर रंग–बिरंगी लाइट्स से डेकोरेट किए जा रहे हैं. लाल–सफेद रंग दीवारों और क्रिसमस ट्री पर देखने को मिल रही है. अलग–अलग हिस्सों में कैंडल्स से भी सजावट की जा रही है. क्रिसमस डे के खास अवसर पर ज्यादातर लोग घर के बाहर फैमिली और फ्रेंड्स के साथ पार्टी करने जाते हैं लेकिन अगर आपका मूड इस बार बाहर जाने का नहीं है तो आफ घर में ही अपने अंदाज में क्रिसमस से. लिब्रेट कर सकते हैं. यहां जानिए 5 ऐसे बेस्ट आइडियाज जिससे इस फेस्टिवल को घर पर स्पेशल बना सकते हैं.

1. कुकीज और केक करें एंजॉयक्रिसमस की पार्टी हो और कुकीज और केक न हो, ऐसा हो सकता है क्या भला. अगर आप घर पर इस फेस्टिवल को सेलिब्रेट करने जा रहे हैं तो फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स के साथ इन चीजों को एंजॉय करें और जमकर आनंद उठाएं.

**2. मूवी का उठाएं लुत्फ**

क्रिसमस वाले दिन को खास बनाने के लिए आप फैमिली या फ्रेंड्स के साथ मूवी देखने जा रहे हैं. यह सबसे बेस्ट तरीका हो सकता है. आप घर में ही रजाई–कंबल में बैठकर बैक टू बैक कई मूवीज या वेब सीरीज को देख सकता हैं. इसका भी अपना ही मजा है.

**3. फेमली गेम्स का मजा लें**

अगर इस क्रिसमस आप रात में घर से बाहर नहीं जाना चाहते हैं तो फैमिली मेंबर्स के साथ गेम्स खेल सकते हैं. आप ऐसे इन डोर गेम्स चुन सकते हैं, जो हर किसी का फेवरेट हो या फिर पजल्स, अंताक्षरी भी खेल सकते हैं. इसे खूब एंजॉय कर सकते हैं.4. फैमलीस्लीपओवर भी देगा खूब मजाक्रिसमस का अपना ही मजा होता है. बाहर न जाकर भी घर में इसे सेलिब्रेट कर सकते हैं. भीड़भाड़



वाले माहौल से हटकर फैमिली के साथ इस फेस्टिवल को मनाना अच्छा ऑप्शन हो सकता है. ऐसे में इस दिन फैमिली के साथ स्पीपओवर एंजॉय कर सकते हैं. मतलब उनके साथ बैठकर बातचीत करें, एक दूसरे की स्पेशल यादों को सुने और शेयर करें. किसी थीम की ड्रेस ट्राय कर सकते हैं. साथ मिलकर क्रिसमस ट्री डे. कोरेट कर सकते हैं.

**5.सांता क्लॉज स्पेशल एंड सीक्रेट गिफ्ट**

क्रिसमस डे पर घर पर पार्टी करने का सबसे अच्छा तरीका है कि हर फैमिली मेंबर और फ्रेंड के लिए कुछ स्पेशल और सीक्रेट सांता क्लॉज गिफ्ट का इंतजाम करें. उन्हें सरप्राइज दें. इससे पूरा माहौल बदल जाएगा और मजा भी खूब आएगा.

# लौंग समेत किचन में रखे इन पांच मसालों में छिपा है सेहत का राज,



लौंग कई गुणों से भरपूर मसाला है जो स्वाद बढ़ाने के साथ–साथ स्वास्थ्य संबंधी फायदे भी मिलते है. इनमें एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा अधिक होती है. ये ब्लड में शुगर लेवल को कंट्रोल में रहता है. साथ ही साथ यह शरीर में बैक. टीरिया को मारने में भी काफी ज्यादा फायदेमंद है. लौंग के पेड़ की फूल की कलियां हैं, जो एक सदाबहार पौधा है जिसे सिजीगियम एरोमैटिकम के नाम से भी जाना जाता है.पूरे और पिसे हुए दोनों रूपों में पाया जाने वाला यह बहुमुखी मसाला पॉट रोस्ट को स्वादिष्ट बनाने में भी इस्तेमाल किया जाता है. गर्म पेय पदार्थों में स्वाद जोड़ने और कुकीज और केक में मसालेदार गर्माहट लाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है. लौंग में फाइबर, विटामिन और आयरन होते हैं, इसलिए अपने खाने में जोड़ने के लिए साबुत या पिसी हुई लौंग का उपयोग करने से कुछ महत्वपूर्ण पोषक तत्व मिल सकते हैं.पहले लौंग के फायदे जानिएपाचन तंत्र सुधारेगर्मी अधिक होने पर सबसे पहले पाचन तंत्र ही गड़बड़ा जाता है. लौंग का पानी पाचन तंत्र में ही सुधार करता है. हर दिन खाली पेट इसका सेवन बहुत अधिक लाभकारी हो सकता है. खाली पेट लौंग खाने से भी एसिडिटी में खासी राहत मिलती है.स्किन के लिए फायदेमंदगर्मी के मौसम में ये स्किन के लिए भी बेहद लाभकारी है. गर्मियों में अक्सर सनबर्न जैसी परेशानी हो सकती है. जो लोग लौंग के पानी का प्रयोग करते हैं. उन्हें स्किन संबंधी समस्या कम देखने को मिलती है. इसके पीछे वजह लौंग में एंटी एजिंग, एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी फंगस गुणों से भरपूर होना है. मुंह के छालों में फायदेमंद आ. मतौर पर मुंह में छालों की समस्या सभी ने देखी होगी. इस रोग में लौंग बेहद लाभदायक है. लौंग का तेल लगाने या मालिश करने से काफी आराम मिल सकता है. लौंग चबाकर खाने से भी राहत मिलती है.दालचीनी के फायदे डायबिटीज दालचीनी कितना है फायदेमंददालचीनी के पेड़ की छाल से प्राप्त एक मसाला है. जिसे सदियों से इसके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है. यह न केवल सिर्फ खाने में इस्तेमाल किया जाता है बल्कि यह ब्लड शुगर को भी कंट्रोल करने का काम करता है.

# शनि देव को कोसने से कुछ नहीं होगा, अपने कर्मों को सुधारें

मकर तथा कुंभ राषि पर इनका आधिपत्य है तो पुष्य, अनुराधा, उत्तरा भाद्रपद इनके नक्षत्र है. सामाजिक जीवन में शनि को लोकतांत्रिक परम्परा का प्रतिनिधि ग्रह भी माना गया है. इसलिए राजनैतिक स्तर पर सफलता या असफलता इन्हीं पर निर्भर करती है. सामान्य लोगों की ऐसी सोच होती है कि शनि देव सिर्फ तकलीफ देते हैं. लेकिन सच्चाई इसके बिल्कुल विपरित है और सच्चाई ये है कि शनि देव व्यक्ति को उनके कर्म के अनुसार फल देते है. बजाय दुख के कारण बनने के. शनि न्यायाप्रिय होने के साथ गलत और अनै. तिक कार्य भी रोकते है और जो लोग दूसरो का भला करते है, शनि देव उनके साथ कभी गलत नहीं करते. इसलिए शनि को अपना हमसफर मानें. वो किसी के पर्सनल दुश्मन नहीं है. लेकिन हमारी फितरत क्या होती है कि जैसे ही हमें बुरे फल प्राप्त हुए, हम शनि देव को कोसने लगते हैं, लेकिन ये सिर्फ और सिर्फ हमारे बुरे कर्मों का रोल होता है. जब ग्रहों का वर्गीकरण किया गया. तो उस दौरान शनि देव को दर्जा दिया गया चतुर्थ श्रेणी का. जैसे सूर्य देव को ग्रहों का राजा, मंगल को सेनापति, बुध को मंत्री की उपमा दी गई. शनि देव स्लो होते हुए भी तरक्की देते हैं. जिनकी कुंडली में शनि पहले, चौथे, सातवां या दशम भाव में अपनी राशि मकर या कुंभ में विराजमान हो तो उनकी कुंडली में शश योग बनता है जो कि एक राज योग भी है. जिनकी कुंडली में ऐसे योग बन रहे है वो गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद समाज में नाम, शौहरत और दौलत पाते हैं.शनि ग्रह तुला, मकर तथा कुंभ राशि में स्त्री स्थान में, स्वयं के घर में हो, स्वयं शनि की दशा में, राशि के अंत भाग में, कृष्ण पक्ष में तथा वक्री हो तो शनि बलवान होकर जातक को फर्श से अर्श तक पहुंचाते है.शनि के उपाय आपके घर, ऑफिस, दुकान या फैक्ट्री में कोई काम करने वाला कर्मचारी है और अगर आप उनके दिल को दुःख नहीं पहुंचाते है तो यकीन मानिए आप शनि देव को डायरेक्ट इम्प्रेस करने मेंकामयाब होंगे. साथ ही जैसे ही आप अपने से नीचे के तबके के लोगों को अपशब्द या उनके साथ कुछ बुरा करते हैं तो शनि देव अशुभ फल देते हैं. शनि की अशुभता से बचने के लिए ये उपाय कर सकते हैं–प्रत्येक शनिवार को गुड़ मिश्रित जल से सूर्यदेव को अर्घ्य दें.माता–पिता और गुरूजन की सेवा करें.प्रत्येक शनिवार को एक कटोरी मीठा तेल और आटा किसी जरूरतमंद को दान करें.मजदूर, गरीब और जरूतमंदकी सहायता करें और हो सकें तो शनि अमावस्या को भोजन करवाएं. प्रत्येक शनिवार को संध्या समय में शनिचालीसा का पाठ कर ऊँ प्रां प्रीं प्रौंसः शनैश्चराय नमः मंत्र का 3 माला जाप करें.माणिक्य और पुखराज किसी ज्योतिषीय कीसलाह से धारण करें.शनि जयंती के दिन काले तिल, काला कपड़ा, सरसों का तेल तथा लोहे का दान करें. काले घोड़े की नाल घर में लगाएं और शनिवार के दिन शनि छल्ला धारण करें

# क्रिसमस–न्यू ईयर के जश्न को दोगुना कर सकती हैं 6 रेसिपी, हेल्थ भी रहेगी मस्त

फेस्टिवल जल्द ही आने वाला है और इसके बाद नया साल भी दस्तक देगा। जाहिर है अगले कुछ दिनों तक पार्टी का माहौल रहने वाला है। किसी फे. स्टिवल या पार्टी में खाने–पीने की बढ़िया चीजें न मिले तो सब बेकार हो जाता है।टुनाकाडोबोर्जेस का टुनाकाडो एक रंगीन, प्रोटीन से भरपूर डिश है जो एवोकाडो की क्रीमी अच्छाई और ट्यूना के स्वाद को एक साथ लाता है। इसमें कटा हुआ एवोकाडो और हाई क्वालिटी वाला कैन्ड ट्यूना, बोर्जेस एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल, ताजे नींबू का रस, और नमक–हल्दी डालकर एक स्वादिष्ट मिश्रण तैयार किया जाता है। हल्का, पौष्टिक और हेल्दी फैट्स और प्रोटीन से भरपूर, यह एक शानदार विकल्प है। आप इसे ब्रेड पर डालकर टुनाकाडो सैंडविच भी बना सकती हैं, और अपनी पसंदीदा सब्जियाँ भी इसमें मिला सकती हैं।क्विनोआ सलाद विथ नट विनिग्रेटयह सलाद क्विनोआ और ताजगी से भरी सब्जियों जैसे खीरा और चेरी टमाटर से तैयार किया जाता है। इसे बोर्जेस के एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल और मोड. ेना बालसैमिक सिरका से बने विनिग्रेट में टॉस किया जाता है। नट्स को डालने से और भी स्वादिष्ट बनता है । यह सलाद प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होता है और हल्का, ताजगी से भरा हुआ होता है। अंगूर सलादअंगूर सलाद एक हेल्दी और ताजगी से भरी हुई रेसिपी है। इसे बोज. ेस मोडेना बालसैमिक सिरका और एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल से तैयार किया जाता है। इसमें अरुगुला, कटा हुआ एवोकाडो, शहद फेटा चीज और अखरोट के साथ आधे कटे अंगूर डाले जाते हैं। इसके साथ बने विनिग्रेट में एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल और बा. लसैमिक सिरका मिलाकर सलाद पर डाला जाता है। यह एक ताजगी से भरा और हल्का सलाद है।डिटॉक्स जूसबोज. ेस डिटॉक्स जूस एक ताजगी से भरपूर, सेहत को बढ़ाने वाला पेय है। इसमें ताजे अनानास, सेब, खीरा और अदरक को ब्लेंड किया जाता है, और डाइजेशन को बेहतर बनाने और शरीर को शुद्ध करने के लिए इसमें एप्पल साइडर सिरका डाला जाता है। यह हल्का, हाइड्रेटिंग और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होता है, जो दिन की शुरुआत के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। कोकोनट करी सैल्मन

एक हेल्दी कोकोनट करी सैल्मन तैयार करने के लिए, इंडियन कुकिंग के लिए बोर्जेस ऑलिव आयल उपयोग किया जाता है। सैल्मन को थोड़ा सा ब्राउन करने के बाद, प्याज और लहसुन के साथ तला जाता है और फिर इसमें रेड करी पेस्ट डाला जाता है, फिर नारियल का दूध डाला जाता है और सैल्मन और नींबू के रस के साथ उसे सॉल्ट और पेपर से गार्निश किया जाता है।मेडिटेरेनियन डिपयह एक स्वादिष्ट और आसानी से तैयार होने वाला ऐपेटाइजर है, खासकर शाकाहारी लोगों के लिए। इस डिश में शिमला मिर्च, ऑलिव, क्रम्बल किया हुआ फेटा, कटा हुआ लहसुन और नींबू का रस डाला जाता है। फिर बोर्जेस एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल, बोर्जेस रेड वाइन सिरका, नमक और मिर्च डालकर अच्छी तरह मिक्स किया जाता है। इसे ब्रेड, पीटा, नाचोज या डिपिंग फूड के साथ परोसा जाता है।

# रोजाना खाली पेट काजू खाने से हो सकते हैं मोटापा का शिकार



काजू कुछ लोगों में सूजन, कब्ज, वजन बढ़ने और जोड़ों में सूजन का कारण भी बन सकता है. लेकिन इसके साइडइफेक्ट्स बेहद रेयर होते हैं. कई बार ऐसा कहा जाता है कि काजू को भुनकर खाना चाहिए इससे कब्ज, मोटापा, चेहरे पर किसी तरह के रिएक्शन नहीं दिखाई देते हैं. दूसरे ड्राई फ्रूट्स की तरह काजू में भी काफी ज्यादा फैट होता है. जिसके कारण इसमें कैलोरी भरपूर मात्रा में होता है. अगर इसे काफी ज्यादा मात्रा में खाया जाए तो यह आपका वजन भी बढ़ा सकता है. हालांकि, एक बैलेंड डाइट में इसे शामिल करना चाहते हैं तो इसे खाने का तरीका जान लीजिए. काजू में विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी6, सोडियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फाइबर, आयरन, जिंक जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. आप खाली पेट काजू खा सकते हैं, ऐसा करने से इसके सारे पोषक तत्व आप आसानी से इनहेरिट कर सकते हैं. तो चलिए जानते हैं काजू के फायदे के बारे मेंखाली पेट काजू खाने के फायद. कब्ज की समस्या से राहकाजू में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है. जिन लोगों को कब्ज की समस्या रहती है उन्हें ये बता दें कि काजू खाने से इसकी समस्या को दूर किया जा सकता है. काजू के सेवन से ना सिर्फ डायजेस्टिव सिस्टम तंदुरुस्त रहता है बल्कि पेट की समस्याओं से दूर रह सकते हैं. ऐसे में खाली पेट काजू खाना कब्ज से राहत पाने के लिए एक सही ऑप्शन हो सकता है. वजन को कंट्रोल करखाली पेट काजू खाने से वजन को बढ़ने से कंट्रोल किया जा सकता है. बात ऐसी है कि खाली पेट काजू खाने से आपको दिन में अधिक भूख नहीं लगेगी. अधिक भूख ना लगने के कारण आप ज्यादा खाने से बचेंगे. अधिक खाना ही बढ़ते वजन का कारण हो सकता है. ऐसे में काजू का सेवन वजन को नियंत्रित रख सकता है. याददाश्त बढ़ाए काजू के अंदर मैग्नीशियम पाया जाता है और मैग्नीशियम के सेवन से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है. ऐसे में जिनको याददाश्त की समस्या है वो अपने डाइट में काजू को शामिल कर सकते हैं. इससे आपकी मैग्नीशियम का लेवल बढ़ेगा और आपकी याददाश्त भी बेहतर होगी. हड्डियों को मजबूत बनाएहड्डियों को मजबूत करने में काजू काफी असरदार होता है. इसमें मौजूद मैग्नीशियम हड्डियों को मजबूत रखने में मदद करता है. साथ ही इसमें पाए जाने वाले सोडियम और कैल्शियम हड्डियों की कमजोरी को दूर करने में उपयोगी रहता है. ऐसे में आप काजू का सेवन कर हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं और हड्डियों कि समस्या से राहत पा सकते हैं.

**पीड़ित ध्यान दें**

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –

अमित कुमार वर्मा –संपादक

मो- 8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**

**हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा